दैनिक

आर.एन.आई.नं.- MPHIN /2012/64802

E-Mail-parihargarjana@gmail.com

# परिहार गर्जना

संस्थापक- स्व.वीर सिंह परिहार चौका संपादक - रामबाबू सिंह परिहार मो. 9755204916 सह संपादक - दद्दा ललौनी

वर्ष 13 | अंक 129 | छतरपुर, गुरूवार 05 दिसम्बर 2024 | मूल्य 1.00 रूपये | पृष्ठ 16

## छात्रों और स्वास्थ्य सेवाओं के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दें-उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल

### मध्यप्रदेश फार्मेसी, पैरामेडिकल और नर्सिंग काउंसिल की समीक्षा की, मान्यता और परीक्षाओं के संचालन की कार्रवाई शीघ्रता से पूर्ण करें

परिहार गर्जना न्यूज। भोपाल। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय में मध्यप्रदेश फार्मेसी, पैरामेडिकल और नर्सिंग काउंसिल की समीक्षा की। उन्होंनेलंबित मामलों के शीघ्र निराकरण, परिषदों की कार्यप्रणाली में सुधार की दिशा में उठाए जाने वाले कदमों पर विस्तार से चर्चा की। उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सभी प्रक्रियाएं पारदर्शिता और गति के साथ पूरी हों, जिससे छात्रों और स्वास्थ्य सेवाओं के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा सके। प्रक्रिया में तेजी लाने के लिये टेक्नोलॉजी का प्रयोग करें।उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए पारदर्शिता, गति और जवाबदेही को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। बैठक में परिषदों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।



***सुटेबल कॉलेजों में भर्ती प्रक्रिया के लिए 15 दिसंबर तक पूर्ण करें कार्रवाई***

नर्सिंग काउंसिल की समीक्षा के दौरान बताया गया कि 468 आवेदक संस्थानों में से 202 मापदण्डों अनुसार सुटेबल हैं जांच पूरी हो चुकी है, जबकि 97 संस्थान डेफिशिएंट हैं। मानकों की कमी के कारण प्रक्रिया लंबित है। उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि लंबित संस्थानों की समीक्षा शीघ्र पूरी की जाए। मापदंडों अनुसार सुटेबल पाए गये कॉलेज में नर्सिंग छात्रों की भर्ती प्रक्रिया के लिए आवश्यक कार्रवाई 15 दिसंबर तक पूर्ण करें।उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार अस्पतालों में बेड आवंटन और मान्यता प्रक्रिया को शीघ्रता से पूरा करने के लिए अधिकारियों को तैयार रहने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मंत्रालय वल्लभ भवन में नर्सिंग कोर्स के विद्यार्थियों की परीक्षाओं के संचालन कैलेंडर की वृहद् समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि सरकार छात्रों के भविष्य के प्रति संवेदनशील है।उल्लेखनीय है कि उच्च न्यायालय के स्थगन आदेश से छूट मिलने के बाद उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल के निर्देशानुसार नर्सिंग के विभिन्न कोर्स के छात्रों की परीक्षाओं के संचालन का कैलेंडर तैयार किया गया है और परीक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है। इससे नर्सिंग के विभिन्न कोर्सेज के 90 हज़ार विद्यार्थी लाभान्वित होंगे।

***नर्सिंग के विभिन्न कोर्सेज के 47 हज़ार से अधिक अभ्यर्थियों की परीक्षाएँ हो चुकी हैं आयोजित***

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश नर्सिंग काउंसिल द्वारा विभिन्न नर्सिंग पाठ्यक्रमों की लंबित परीक्षाएँ आयोजित की गयी हैं। जिनमें 47 हज़ार से अधिक अभ्यर्थी शामिल हुए हैं। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने निर्देश दिए हैं कि शेष लंबित परीक्षाओं को शीघ्र आयोजित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि परीक्षा प्रक्रिया में पारदर्शिता और समयबद्धता बनी रहे, ताकि छात्रों का शैक्षणिक कैलेंडर बाधित न हो।

मई 2024 में बी.एससी. नर्सिंग प्रथम वर्ष (शैक्षणिक सत्र 2020-21) की परीक्षा आयोजित की गई थी, जिसमें 15,787 छात्र सम्मिलित हुए। इसी अवधि में पी.बी.बी.एससी. नर्सिंग प्रथम वर्ष (2020-21 सत्र) की परीक्षा भी आयोजित की गई थी, जिसमें 4,601 छात्र परीक्षा में सम्मिलित हुए। इसके अतिरिक्त, एम.एससी. नर्सिंग प्रथम वर्ष (2020-21 सत्र) की परीक्षा में 1,612 छात्रों ने भाग लिया। इसी तरह बी.एससी. नर्सिंग तृतीय वर्ष (2019-20 सत्र) की परीक्षा भी मई 2024 में संपन्न हुई, जिसमें 8,793 छात्रों ने परीक्षा दी। सितंबर 2024 में बी.एससी. नर्सिंग प्रथम वर्ष (2021-22 सत्र) की परीक्षा आयोजित की गई थी, जिसमें 13,106 छात्रों ने भाग लिया। इसी सत्र की पी.बी.बी.एससी. नर्सिंग प्रथम वर्ष की परीक्षा में 2,980 छात्र शामिल हुए। एम.एससी. नर्सिंग प्रथम वर्ष (2021-22 सत्र) की परीक्षा भी सितंबर 2024 में आयोजित की गई, जिसमें 1,066 छात्रों ने परीक्षा दी।

***सत्यापन प्रक्रिया के समयबद्ध निराकरण में शिक्षण संस्थानों की जवाबदेहीकरें सुनिश्चित***


फार्मेसी काउंसिल की समीक्षा में बताया गया कि राज्य में वर्तमान में 327 संस्थान फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI) से मान्यता प्राप्त हैं। प्रतिवर्ष लगभग 25,000 फार्मासिस्ट (डिप्लोमा और डिग्री) का पंजीकरण किया जाता है। काउंसिल के कार्यों में नए पंजीकरण, पंजीकरण का नवीनीकरण, डुप्लीकेट पंजीकरण जारी करना, अन्य राज्यों में कार्य के लिए एनओसी जारी करना और फार्मासिस्ट डेटा प्रबंधन शामिल हैं। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने लंबित पंजीकरणों की स्थिति की समीक्षा की और सत्यापन प्रक्रिया को तेज करने के लिए ऑनलाइन प्रणाली को सशक्त बनाने के निर्देश दिये। उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सत्यापन कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए और व्यक्तिगत हस्तक्षेप को कम करते हुए पूरी प्रक्रिया को डिजिटल किया जाए। साथ ही सत्यापन प्रक्रिया समयबद्ध रूप से पूर्ण हो इसके लिए शिक्षण संस्थानों की जवाबदेही सुनिश्चित करने के उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने निर्देश दिये। पैरामेडिकल काउंसिल की समीक्षा में परीक्षा परिणाम और मान्यता संबंधित प्रक्रियाओं को समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि किसी भी प्रकार की देरी छात्रों के भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है, इसलिए इन प्रक्रियाओं को शीघ्र और प्रभावी रूप से पूरा किया जाए।

## लवकुशनगर में ज्वैलरी की दुकान से अज्ञात चोर चुरा ले गये करोड़ों के आभूषण

### एएसपी ने किया मौका मुआयना, चोरों को पकड़ने पुलिस की टीम गठित

छतरपुर। जिले के लवकुशनगर निवासी भाजपा नेता की ज्वैलरी शॉप को निशाना बनाकर बीती रात अज्ञात चोर करोड़ों रुपए के आभूषण चुरा ले गए हैं। चोरी की इस बड़ी वारदात के बाद कस्बे के अन्य व्यापारी दशहत में हैं। सुबह जैसे ही चोरी की सूचना पुलिस को मिली वैसे ही पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। एएसपी विक्रम सिंह ने भी मौके पर पहुंचकर मुआयना करते हुए पुलिस टीम को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। पुलिस बारीकी से मामले की छानबीन कर रही है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक लवकुशनगर निवासी भाजपा नेता चंद्रोदय सोनी अपने निवास पर नीलम ज्वैलर्स दुकान का संचालन करते हैं। बीती रात वे रोज की तरह दुकान बंद कर घर के अंदर सोए हुए थे। रात के वक्त अज्ञात चोर घर में घुसे और घर में सो रहे सदस्यों के बैडरूम के दरवाजों को बाहर से बंद करने के बाद दुकान में चोरी की। चंद्रोदय सोनी के मुताबिक चोर दुकान में रखे सोने-चांदी के करीब 3 करोड़ रुपए कीमती जेवरात चुरा ले गए हैं। सुबह जब सोनी परिवार सोकर उठा तब उन्हें चोरी की जानकारी लगी। तत्काल सूचना पुलिस को दी गई, जिस पर लवकुशनगर थाना प्रभारी ने पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचकर पड़ताल शुरु की। वहीं घटना की जानकारी मिलने के बाद एएसपी विक्रम सिंह भी लवकुशनगर पहुंचे। उन्होंने डॉग स्क्वॉड टीम के साथ मौका मुआयना कर पुलिस टीम को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं, साथ ही विवेचना के लिए टीमों का गठन किया गया है। एएसपी विक्रम सिंह ने चोरी की उक्त घटना लाखों में बताई है।




***इनका कहना***

बीती रात लवकुशनगर में ज्वैलरी शॉप में चोरी हुई है। चोरी गई संपत्ति की कीमत का आंकलन किया जा रहा है। एफएसएल और डॉग स्क्वॉड टीम द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण किया गया है। प्रकरण की विवेचना हेतु एसआईटी गठित की गई है, साथ ही है चोरों पर इनाम भी घोषित किया गया है। जो भी सबूत अभी तक मिले हैं उनके आधार पर कार्रवाई की जा रही है, जल्द ही चोरों को पकड़कर मामले का खुलासा किया जाएगा।

***अगम जैन, एसपी, छतरपुर***

# सनातन चेतना मंच, इकाई - लवकुशनगर द्वारा राष्ट्रपति के नाम सौंपा गया ज्ञापन

## बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू, बौद्ध और ईसाई समुदाय पर हो रहे अत्याचारों के संबंध में ज्ञापन



राकेश सिंह

परिहार गर्जना न्यूज। लवकुशनगर। बुधवार की दोपहर 12 बजे के नगर के पुराना बस स्टैंड स्थित स्वामी विवेकानंद पार्क में सनातन चेतना मंच के हजारों सदस्यों ने एकत्रित होकर बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हो रही क्रूरता के विरोध में विशाल सभा का आयोजन कर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा जिसमें मंच के माध्यम से विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई जो इस प्रकार है। हम, भारत के नागरिक और सकल हिंदू समाज के प्रतिनिधि, बांग्लादेश में हिंदू, बौद्ध और ईसाई समुदायों पर हो रहे अत्याचारों के प्रति अपनी गहरी चिंता और विरोध व्यक्त करते हैं। बांग्लादेश में वर्तमान में जो अत्याचार चल रहे हैं, वे न केवल मानवाधिकारों का उल्लंघन हैं, बल्कि इनसे हमारे साझा सांस्कृतिक और धार्मिक मूल्य भी आहत हो रहे हैं। स्वतंत्रता के समय तत्कालीन पूर्व पाकिस्तान (वर्तमान मे बांग्लादेश) में 22% हिंदू थे। किंतु उन्हें दी जा रही यातनाओं के कारण, तथा उनका वंशच्छेद करने के कारण, बांग्लादेश की पिछली जनगणना तक वहां मात्र 7.9% ही हिंदू बचे हैं। विशेषत: विगत 5 अगस्त को फैली हिंसा के बाद, बांग्लादेश में बड़ी संख्या में हिंदू समुदाय को लक्ष्य बनाकर, उनकी हत्याएं की जा रही है। उनके घर लूटे जा रहे हैं। उनकी जवान बेटियों पर अत्याचार किए, जा रहे हैं।

5 अगस्त से अब तक कुछ हजार हिंदुओं की हत्या की गई हैं। हिंदुओं पर हमले की 6,000 से ज्यादा घटनाएं हो चुकी हैं। खुलना, रंगपुर, राजशाही, बारिसाल, चिटगांव, सिल्हट... इन सभी विभागों में हिंदुओं पर लगातार अत्याचार किए जा रहे हैं। पुलिस विभाग हिंदुओं की शिकायतें नहीं ले रहा है। बांग्लादेश प्रशासन ने, एक ही महीने में 252 हिंदू पुलिस अधिकारियों को नौकरी से निकाल दिया हैं। बांग्लादेश की पुलिस में अब एक भी हिंदू पुलिस अधिकारी नहीं बचा हैं। हिंदुओं के श्रद्धास्थान, मंदिरों पर हमले किए जा रहे हैं। पिछले चार महीनों में, 1,000 से ज्यादा मंदिरों को ध्वस्त किया गया, तथा मंदिरों में स्थापित भगवान की मूर्तिया खंडित की गई। उन्हें तोड़ा गया।

महोदया, बांग्लादेश में हिंदू अत्यंत असुरक्षित हैं। उन्हें कोई भी मूलभूत अधिकार नसीब नहीं हो रहा हैं। हिंदू समुदाय की हत्याओं का दौर जारी हैं। विगत दिनों बांग्लादेश सरकार ने, वहां के प्रमुख हिंदू संत एवं इस्कॉन के पदाधिकारी, चिन्मय कृष्णदास ब्रह्मचारी, को देशद्रोह के आरोप में गिरफ्तार कर लिया हैं। यह सब अत्यंत दुःखद हैं। हमारे पड़ोसी देश में हिंदुओं पर हो रहे इन पाशवी अत्याचारों से हम सब व्यथित हैं..! हमारे पड़ोसी देश में हुई कुछ घटनाओं ने हमें गहरे आघात पहुँचाया है, जिनमें विशेष रूप से अल्पसंख्यक समुदायों पर किए गए हमलों की एक श्रृंखला शामिल है। 25 नवंबर 2024, ढाका में इस्कॉन के चिन्मय कृष्ण दास जी को झूठे देशद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किया गया, जो कि धार्मिक स्वतंत्रता और मानवीय अधिकारों का उल्लंघन था। 24 नवंबर 2024, बगेरहाट: एक हिंदू लड़की को जबरन धर्मांतरण कर आतंकी संगठन में शामिल किया गया, जो एक गंभीर अपराध है और अल्पसंख्यकों के खिलाफ हो रहे अत्याचारों का प्रतीक है।

20 नवंबर 2024, बरिसाल: हिंदू समुदाय के घरों और दुकानों को आग के हवाले कर दिया गया, जिससे उनकी संपत्ति और सम्मान को नष्ट कर दिया गया। 19 सितंबर 2024, सिलहट: बौद्ध और हिंदू मंदिरों को तोड़-फोड़ कर आग लगा दी गई, जो धार्मिक असहिष्णुता और सांस्कृतिक धरोहर को नष्ट करने का एक प्रयास था। इन घटनाओं में हजारों हिंदू, बौद्ध और ईसाई परिवारों को विस्थापित किया गया है और उनके धार्मिक स्थलों को तोड़ा गया है। उनकी सांस्कृतिक और धार्मिक स्वतंत्रता पर हमले किए जा रहे हैं, जो न केवल बांग्लादेश के संविधान और अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकारों का उल्लंघन हैं, बल्कि हमारे समग्र मानवता के लिए भी एक खतरा हैं। सनातन चेतना मंच के द्वारा प्रमुख बिंदुओं पर ध्यान एकत्रित करने की माँग की गई है : भारत सरकार द्वारा बांग्लादेश सरकार पर दबाव डाला जाए ताकि वहां अल्पसंख्यक समुदायों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके और धार्मिक स्वतंत्रता को कायम रखा जा सके एवं हिन्दू संत स्वामी चिन्मय प्रभु की बिना शर्त रिहाई की जा सके। संयुक्त राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनों के माध्यम से बांग्लादेश सरकार को इन अत्याचारों के लिए जवाबदेह ठहराया जाए और अंतरराष्ट्रीय समुदाय को इस गंभीर मुद्दे की ओर आकर्षित किया जाए।अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों की निष्पक्ष और स्वतंत्र जांच कराई जाए और दोषियों को कड़ी सजा दी जाए ताकि इस प्रकार के अपराधों की पुनरावृत्ति न हो। जिन हिंदू परिवारों को उनकी जमीन और घरों से बेदखल किया गया है, उन्हें उनके मूल स्थानों पर पुनर्स्थापित किया जाए और उनकी संपत्तियों को वापस दिलाया जाए। यह केवल मानवाधिकारों का उल्लंघन नहीं है, बल्कि यह हमारी साझा सांस्कृतिक धरोहर, धार्मिक अस्मिता और पारस्परिक सम्मान पर भी हमला है। हम आपसे निवेदन करते हैं कि इस गंभीर मुद्दे पर तत्काल और ठोस कदम उठाए जाएं ताकि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक समुदायों को सुरक्षा मिल सके और इन अत्याचारों को रोका जा सके। हम आशा करते हैं कि भारत सरकार इस विषय में सकारात्मक हस्तक्षेप करेगी और बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा के लिए प्रभावी कदम उठाएगी, इस मौके पर बड़ी संख्या में सनातन चेतना मंच के सदस्य, बजरंगदल के सदस्य, हिन्दू एकता के सदस्य और हिन्दू धर्म के लोग, समस्त सनातनी उपस्थित रहे।

# सिर्फ स्कूल आने से हम शिक्षित नहीं हो सकते, जिंदगी की हर परेशानी को पीछे छोड़कर हमें आगे बढ़ना होता है - नेहा शर्मा

## पीएम श्री कन्या हाई सेकेंडरी स्कूल में साइकिल वितरण समारोह का आयोजन



विनोद कुमार जैन

परिहार गर्जना न्यूज। बकस्वाहा। कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल में निशुल्क साइकिल वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें 78 छात्राओं को सरकार की योजनाओं का लाभ मिला। इस अवसर पर सभी ने शिक्षा के महत्व और उस तक पहुंचने के रास्तों पर चर्चा की। सरकार की इस योजना के तहत, जिन गांवों में हाईस्कूल नहीं हैं और जो छात्राएं स्कूल से कम से कम 3 किलोमीटर दूर रहती हैं, उन्हें मुफ्त साइकिल प्रदान की जाती है ताकि वे आसानी से स्कूल तक आ-जा सकें। यह योजना शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ा कदम है, जो विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में पढ़ाई को बढ़ावा देने में मदद करेगा।

मुख्य नगर पलिका अधिकारी नेहा शर्मा ने कार्यक्रम में कहा, ऋशिक्षा का असली उद्देश्य केवल ज्ञान प्राप्त करना नहीं, बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर और सक्षम बनाना है। यह साइकिल वितरण योजना उन छात्राओं के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जो अपनी शिक्षा को आगे बढ़ाने के लिए यात्रा की समस्याओं से जूझ रही थीं। हमें खुशी है कि सरकार ने इस पहल को लागू किया है, जिससे वे अब आसानी से स्कूल पहुंच सकेंगी और अपनी शिक्षा में कोई कमी महसूस नहीं होगी। बीईओ सत्यम चौरसिया ने अपने संबोधन में कहा, ऋशिक्षा का मार्ग हमेशा आसान नहीं होता, लेकिन यह सबसे सशक्त औजार है जो किसी भी व्यक्ति को समाज में अपनी पहचान दिलाता है। यह योजना उन विद्यार्थियों के लिए एक सहारा बनेगी, जो लंबी दूरी तय करके स्कूल आते हैं। यह सिर्फ उनके लिए एक साइकिल नहीं, बल्कि उनके सपनों की ओर एक कदम और बढ़ने का अवसर है।

वृजगोपाल सोनी, विश्व हिन्दू परिषद के जिला प्रमुख, ने कहा, शिक्षा समाज की रीढ़ होती है और इस तरह की योजनाओं से बच्चों को अपने लक्ष्य तक पहुंचने में मदद मिलती है। आज जो छात्राएं साइकिल प्राप्त कर रही हैं, उन्हें यह मौका शिक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को साबित करने का है। हम सभी को इन छात्राओं का समर्थन करना चाहिए और उन्हें हर संभव मदद देनी चाहिए ताकि वे सफलता की ऊँचाइयों तक पहुंच सकें। प्राचार्य अरविंद तिवारी ने कहा, ऋहमारे विद्यालय में हमेशा से यह प्रयास रहा है कि हम बच्चों को न केवल शिक्षा दें, बल्कि उन्हें हर मुश्किल से जूझने के लिए प्रेरित भी करें। यह साइकिल योजना उनके लिए एक अनमोल उपहार है, जो उनकी शिक्षा को और भी सुलभ बनाएगी। हमें गर्व है कि हम इस कार्यक्रम का हिस्सा बने हैं और हम सभी को एक साथ मिलकर आगे बढ़ना होगा। कार्यक्रम का संचालन राधव नापित ने किया, जबकि शिक्षक लता बिल्थरे, श्रीमती सरिता जैन, श्रीमती रूची जैन, विनय गुप्ता, वृजेश बडौनिया सहित सम्पूर्ण स्टाप उपस्थित रहा । श्री मति रुची जैन ने अपने गीत के माध्यम से बेटी बचाओ बेटी पढाओ का संदेश प्रस्तुत किया।

मुख्य अतिथि नेहा शर्मा ने इस मौके पर कहा कि ऋसिर्फ स्कूल आना ही पर्याप्त नहीं है, हमें हर मुश्किल को पार कर आगे बढ़ना चाहिए। यही शिक्षा का असली उद्देश्य है ऋ उन्होंने छात्राओं को अपनी मेहनत और कड़ी लगन से जीवन में सफलता प्राप्त करने की प्रेरणा दी। नगर पालिका अध्यक्ष किरण सोनी ने कहा - इस वितरण समारोह के माध्यम से न केवल छात्रों के बीच उत्साह बढ़ा, बल्कि यह कदम शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव का संकेत भी है। यह योजना उन छात्राओं के लिए एक वरदान साबित होगी, जो यात्रा की कठिनाइयों के कारण अपनी शिक्षा में कोई कमी महसूस करती थीं।

इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी नेहा शर्मा, वी ई ओ सत्यम चौरसिया, नगरपालिका अध्यक्ष किरन सोनी, विश्व हिन्दू परिषद के जिला प्रमुख वृजगोपाल सोनी, पार्षद अनिल पाटकार, पूर्व पार्षद अरविन्द्र खटीक, पार्षद शेख फरीद खान, पार्षद मुरलीधर पटेल, पत्रकार राजू दुवे, पत्रकार अंशुल आसाटी, अधिमान्य पत्रकार विनोद जैन सहित समस्त शिक्षक व स्कूल मे अध्ययनरत छात्राएँ उपस्थित रही।

# प्रधान मंत्री उन्नत ग्राम योजना- बक्सवाहा में आदिवासी समुदाय का सर्वेक्षण जारी, 100 प्रतिशत कवरेज का लक्ष्य

परिहार गर्जना न्यूज। बक्सवाहा, छतरपुर। प्रधान मंत्री उन्नत ग्राम योजना के तहत बक्सवाहा के आदिवासी समुदाय के सर्वेक्षण में तेजी आ गई है। कलेक्टर के सख्त निर्देशों के अनुसार, जनपद पंचायत बक्सवाहा में आदिवासी परिवारों की सामाजिक और आर्थिक स्थिति का गहन आकलन किया जा रहा है। इसके लिए पंचायत के कर्मचारी गांव-गांव जाकर जानकारी जुटा रहे हैं।

3 दिसंबर 2024 को, छतरपुर जिले की टीम ने बक्सवाहा के विभिन्न गांवों का दौरा किया। इस दौरान, अधिकारियों ने ग्रामवासियों से बातचीत कर उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बुनियादी सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। इस सर्वेक्षण में जनजातीय कार्य विभाग के डॉ. प्रियंका रॉय (जिला संयोजक), संजय साहू (क्षेत्र संयोजक), भागीरथ तिवारी (मुख्य कार्यपालन अधिकारी), अरुण सक्सेना




(अधीक्षक, छात्रावास बक्सवाहा), और अभिलाष इंगले (नीति आयोग फेलो) जैसे प्रमुख अधिकारी शामिल हैं।

सर्वेक्षण का मुख्य उद्देश्य आदिवासी समुदाय की जीवनशैली में सुधार लाने के लिए सटीक नीतियां बनाना है। इस अभियान में विभाग के कर्मचारी बड़ी तत्परता से काम कर रहे हैं, ताकि कोई भी परिवार इस प्रक्रिया से छूट न जाए। कलेक्टर के दिशा-निर्देशों के तहत यह सर्वेक्षण 100 प्रतिशत कवरेज के लक्ष्य के साथ किया जा रहा है। यह योजना आदिवासी समुदाय की सामाजिक और आर्थिक स्थितियों में सुधार लाने में अहम भूमिका निभाएगी, जिससे उनके जीवनस्तर को ऊंचा उठाया जा सके।

# फ्रूट फॉरेस्ट के बनाने के लिए किया जाएगा वृद्ध पौधारोपण, बनेगा फ्रूट फॉरेस्ट हब - कलेक्टर संदीप जी आर

## जिले के चार विकासखंडों में फ्रूट फॉरेस्ट के तहत होगा पौधा रोपण

परिहार गर्जना न्यूज। सागर। फ्रूट फॉरेस्ट के बनाने के लिए वृद्ध पौधारोपण किया जाएगा एवं सागर के चार विकासखंडों में फरूट फॉरेस्ट हब बनेगा। उक्त निर्देश कलेक्टर संदीप जी आर ने दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री विवेक के वी सहित एसडीएम सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।



महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने एवं आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने के लिए कलेक्टर श्री संदीप जी.आर. द्वारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं और स्व सहायता समूह की महिला सदस्यों को भी फूट फॉरेस्ट से जोड़ा जाएगा जिससे कि वह आर्थिक रूप से समृद्ध बना सके। इसी क्रम में जिला मुख्यालय जैसीनगर विकासखंड की ग्राम बड़ौदा सागर में कलेक्टर संदीप जी.आर. के प्रयास से 10 एकड़ की भूमि पर फरूट फॉरेस्ट लगाया जा रहा है। इसी प्रकार रहली, माल्थोन,खुरई विकासखंडों में भी फूट फॉरेस्ट के अंतर्गत पौधारोपण किया जाएगा।

रहली एसडीएम गोविंद दुबे ने बताया कि रहली में अलग-अलग ग्रामों में जगह को चिन्हित किया गया है और जल्दी ही फूड फॉरेस्ट के अंतर्गत पौधारोपण किया जाएगा। जैसीनगर एसडीएम श्री रोहित वर्मा ने बताया कि बडौदा सागर में 10 एकड़ भूमि को चिन्हित किया गया है जिसका कार्य भी प्रारंभ किया गया है। इसी प्रकार खुरई एसडीएम रविश श्रीवास्तव ने बताया कि खुरई में 25 हेक्टेयर भूमि को चिन्हित किया गया है जहां फूड फॉरेस्ट के अंतर्गत फलदार पौधों का रोपण किया जाएगा। माल्थोन एसडीएम श्री मुनव्वर खान ने बताया माल्थोन में भी 3 ग्रामों को चिन्हित किया गया है जहां फलदार पौधों का पौधा रोपण होगा जिसका संचालन और देखरेख ग्राम के ही सदस्य करेंगे। फरूट फॉरेस्ट में अमरूद, जामुन, नींबू, कटहल, मुनगा इत्यादि पौधों को रोपा जाएगा। फरूट फॉरेस्ट के पौधो की अच्छी ग्रोथ के लिए खाद एवं बर्मीकम्पोस्ट भी बनाया जा रहा है। पौधो की सिंचाई अटल भू-जल योजना अंतर्गत ड्रिप इरीगेशन सिस्टम से की जाएगी।

कलेक्टर संदीप जी आर ने बताया कि फूड फॉरेस्ट में महिलाओं की भी सहभागिता की जाएगी इसमें ग्राम की महिलाओं के लिए आर्थिक रूप से सशक्त बनने के दिशा में फरूट फॉरेस्ट सार्थक सिद्ध होगा। हमारे पर्यावरण की अनुकूलता का भी पर्याय बन रहा है और हमें प्रकृती को करीब से जानने का मौका दे रहा है।

# राजस्थान से आए अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकारों द्वारा दी गई रंगारंग प्रस्तुतियां




**श्रीराम साहू**

परिहार गर्जना न्यूज। गढ़ाकोटा। सागर जिले के गढ़ाकोटा में बुधवार के हॉली फैथ कान्वेंट हायर सेकंडरी स्कूल के द्वारा महाविद्यालय स्थित नटराज ऑडिटोरियम में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें राजस्थान से आए अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकारों द्वारा राजस्थानी लोक नृत्य तथा गायन एवं रंगारंग प्रस्तुति दिखाई गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता अभिषेक भार्गव शामिल हुएं जहां उन्होंने श्री गणेश भगवान एवं सरस्वती माता की पूजन आरती के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया वही इस अवसर पर स्कूल के संचालक कलम सर द्वारा सभी अतिथियों का शाल श्रीफल एवं फूल माला पहनकर सम्मान किया। वही श्री भार्गव ने मंच से संबोधित करते अपनी बात रखी मौजूद रहे अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी पूर्व अध्यक्ष महेश कोरी महेश ठाकुर इंद्रजीत सिंह चौहान नीलेश दुबे अजय नेमा सहित सभी छात्र-छात्रा एवं स्कूल स्टाफ के साथ उपस्थित रहे तथा स्कूल प्राचार्य श्रीमती बिलकेश ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। एवं अभिषेक भार्गव द्वारा कलाकारों का सम्मान किया गया ।

# जिला क्षत्रिय महासभा अध्यक्ष ने संरक्षक मंडल का विस्तार किया, संरक्षकों की सहमति से कार्यकारिणी बनेगी

परिहार गर्जना न्यूज। सागर। जिला क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष लखन सिंह बामोरा ने जिला क्षत्रिय महासभा के संरक्षक मंडल का विस्तार करते हुए जिले के विभिन्न क्षेत्रों से वरिष्ठ समाजजनों को संरक्षक मंडल में शामिल किया है। अध्यक्ष लखन सिंह बामोरा ने बताया है कि संरक्षक मंडल के सदस्यों के परामर्श और सहमति से शीघ्र ही जिला क्षत्रिय महासभा की जिला कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा।

जिला क्षत्रिय महासभा अध्यक्ष लखन सिंह बामोरा ने संरक्षक मंडल की पूर्व घोषित सूची का विस्तार करते हुए संरक्षक मंडल में अनिल सिंह पड़रई, गुलाब सिंह राजपूत जेरई, अजब सिंह ठाकुर बीना,राजबहादुर सिंह,राजकुमार सिंह सुमरेड़ी, जगत सिंह उदयपुरा, नर्मदा सिंह सुरखी खोना वाले, राजेन्द्र सिंह दरी, बलवंत सिंह कर्रापुर, भूपत सिंह सेमरा दौलत, शिवराज सिंह छापरी, जयंत सिंह बुंदेला मालथौन, धीरज सिंह राजपूत देवरी खतोली, कुंवर सिंह किर्रावदा बीना, लोकेन्द्र सिंह लुहारी, जगत सिंह धवौली, नरेन्द्र सिंह पीपरा वाले, राजकुमार सिंह ढाना, जाहर सिंह बंडा, अजीत सिंह भैंसा, डॉ.पी.एस ठाकुर, एड.जितेन्द्र सिंह गंभीरिया राजेन्द्र सिंह गंभीरिया, जगदीश सिंह सोलंकी मासाब पाटई गंधर्व सिंह अटारी बेरखेड़ी, चंद्रप्रताप सिंह ईशरवारा को शामिल किया है। उन्होंने कहा है कि महासभा क्षत्रिय संरक्षक मंडल के वरिष्ठ समाजजनों के परामर्श और मार्गदर्शन से समाज हित में निर्णय लेते हुए रचनात्मक दिशा में कार्य करेगी।

# गांधी वार्ड पार्षद भारती राय ने आयुक्त नगरीय प्रशासन और विकास भोपाल, कलेक्टर सागर, SDM और CMO से की शिकायत

**-पार्षद ने DLC खराब होने के साथ ही गिट्टी से वार्ड के लोगों को होने वाली परेशानियों से भी अवगत कराया है**

**-गांधी वार्ड में सड़क का काम अधूराः DLC डालने के बाद 3 महीने से काम बंद**

**राजेश बबेले**

परिहार गर्जना न्यूज। बीना/गांधी वार्ड पार्षद भारती राय ने आयुक्त नगरीय प्रशासन और विकास भोपाल, कलेक्टर सागर, SDM और CMO से की शिकायत,पार्षद ने DLC खराब होने के साथ ही गिट्टी से वार्ड के लोगों को होने वाली परेशानियों से भी अवगत कराया है।



गांधी वार्ड में सड़क का काम अधूराः DLC डालने के बाद 3 महीने से काम बंद गौरतलब है कि गांधी वार्ड की जागेश्वरी कॉलोनी में साढ़े 3 महीने पहले कायाकल्प योजना के तहत सीसी रोड पर डाली गई डीएलसी खराब हो चुकी है। बंद पड़े काम को जल्द शुरू करवाने की मांग करते हुए पार्षद भारती राय ने आयुक्त नगरीय प्रशासन और विकास भोपाल, कलेक्टर सागर, SDM और CMO से शिकायत की है। उन्होंने छष्ट खराब होने के साथ ही गिट्टी से वार्ड के लोगों को होने वाली परेशानियों से भी अवगत कराया है।

***यह है पूरा मामला***

पार्षद भारती राय ने शिकायत में बताया कि गांधी वार्ड की 16 फरवरी 2023 को कायाकल्प योजना के पहले चरण में वार्ड की जागेश्वरी कॉलोनी में उधम सौलंकी के घर से सुरेश अहिरवार के घर, प्रभाकर अहिरवार के घर से हरिनारायण श्रीवास्तव के घर तक सीसी रोड का काम स्वीकृत हुआ था। इसके बाद नगर पालिका की ओर से वार्ड के साथ किए जा रहे पक्षपात करने का आरोप लगा। करीब डेढ़ साल बीत जाने के बाद भी काम पूरा नहीं हो सका है। जबकि इस योजना के तहत अन्य वार्ड के निर्माण कार्य किए जा चुके हैं। इस मामले में पहले भी शिकायत आयुक्त से लेकर सीएमओ से की जा चुकी है।

गाँधी वार्ड पार्षद भारती राय ने आगे कहा कि काम शुरू नहीं होने पर मुझे धरना तक देना पड़ा। धरना देने के बाद नगर पालिका ने आनन फानन में ठेकेदार को बुलाकर 2 अगस्त को काम शुरू करवाया था, लेकिन मामला शांत होते ही ठेकेदार की ओर से डीएलसी डालकर काम बंद कर दिया गया।

***डीएलसी हुई खराब, कॉलोनी के लोग हो रहे परेशान***

पार्षद भारती राय ने आरोप लगाते हुए कहा कि डीएलसी डालने के बाद 7 दिन के अंदर पक्का कंक्रीट का काम होना चाहिए लेकिन डीएलसी डालने के बाद करीब साढ़े तीन माह से काम बंद पड़ा है। इस बीच होने वाली तेज बारिश और वाहनों के निकलने के कारण डीएलसी से रेत और सीमेंट अलग हो गई है। रोड पर केवल गिट्टी नजर आ रही है।

डीएलसी के खराब होने से जहां एक और नगर पालिका को आर्थिक नुकसान हुआ है। गिट्टी से लोग चोटिल हो रहे हैं, वहीं उनके वाहन भी खराब हो रहे हैं। जिससे लोगों को आने-जाने में परेशानी हो रही है और वार्ड वासियों में आक्रोश है।

# थाना आगासौद पुलिस द्वारा हम होंगे कामयाब अभियान के तहत किये गये विभिन्न कार्यक्रम



परिहार गर्जना न्यूज। आगासौद /सागर। पुलिस महानिदेशक के निर्देशानुसार हम होंगे कामयाब अभियान चलाया जा रहा है जिसके अन्तर्गत महिला सुरक्षा के संबंध में स्कूल/कालेज सार्वजनिक स्थानों पर पहुँचकर महिला हैल्पलाईन/चाईल्ड हैल्पलाईन पुलिस हैल्पलाईन आदि नंबरों की जानकारी देकर आम जनमानस में प्रचार प्रसार एवं जागरूकता कार्यक्रम किये जाने के तारतम्य में आज दिनाकं 04/12/24 को श्रीमान एसडीओपी बीना श्री नितेश पटेल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी राधेश्याम पटेल के नेतृत्व में डी.ए.व्ही. पब्लिक स्कूल बीना रिफायनरी में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें उपस्थित छात्र एवं छात्राओं को गुड टच/बैड टच, सेल्फ डिफेंस, महिला हैल्पलाईन/ चाईल्ड हैल्पलाईन पुलिस हैल्पलाईन नंबरों कू जानकारी देकर जागरूक किया गया । कार्यक्रम में पुलिस थाना आगासौद से सउनि मोतीलाल पायरा, प्रआर. संजय सिंह, आरक्षक युधिष्ठिर रजक द्वारा वक्तव्य दिया गया । कार्यक्रम में करीब 100 छात्र छ्र छात्राओं सहित डी.ए.व्ही. पब्लिक स्कूल से श्री बी.एन. चौधरी, शुवेन्द्र मैत्रा, श्रीमती अमरजीत राय, गौरांग ओटा सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहे ।

# थाना चंदेरा पुलिस ने किया 24 घंटे के अंदर चोरी की वारदात का खुलासा

## चोरी गये मशरुका सहित आरोपियों को किया गिरफ्तार




**सौरभ खरे**

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। थाना चंदेरा पुलिस ने क्षेत्र में शाति व्यवस्था बनाए रखने एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए कार्रवाई तेज कर दी है। थाना प्रभारी नीतू खटीक के नेतृत्व में यहां चलाए जा रहे अभियान के दौरान अब तक अनेक फरार आरोपियों की जहां गिरफ्तारी की जा चुकी है, वहीं दूसरी ओर वारदातों का खुलासा आरोपियों को सलाखों के पीछे धकेल दिया गया है। चंदेरा पुलिस की मुहिम से अपराधियों में खलबली मची हुई है। बीते रोज पुलिस ने चोरी की घटना के दोनों आरोपियों को 24 घंटे में गिरफ्तार कर चोरी गया सामान बरामद करने में सफलता हासिल की। पुलिस की इस कार्रवाई की नागरिकों ने सराहना की है। बताया गया है कि 2 दिसम्बर 24 को फरियादी रमेश अहिरवार पिता कूरे अहिरवार उम्र 45 साल निवासी बापूनगर चंदेरा ने थाना चंदेरा में आकर रिपोर्ट किया कि 30 नवम्बर 24 एवं 1 दिसम्बर 24 के मध्य रात्रि वह अपने परिवार के साथ खेत पर पानी देने के लिये गया था, घर पर ताला लगा था। दिनांक 1 दिसम्बर 24 को सुबह घर आकर देखा तो घर का ताला टूटा था। घर के अन्दर रखा जेवरात बगसिया में सोने का मंगलसूत्र पुरानी इस्तमाली 4.50 ग्राम कीमती 20 हजार रूपए सोने की कान के टाक्स पुरानी इस्तमाली एक जोड़ी 5 ग्राम कीमती 22 हजार रुपए चांदी की हाफ पेटी 200 ग्राम पुरानी इस्तमाली कीमती 18 हजार रुपए, सोने नाक की नथनी पुरानी इस्तमाली 5000 रुपए, लाकेट बीजासन सोने का 10 हजार रूपए, नगदी पैसे 10 हजार रुपए का घर का ताला तोडकर अन्दर से रखे, सोने चांदी एवं नगदी कुल कीमती 85 हजार रूपए का माल मशरुका कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। जिस पर थाना चंदेरा में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 236/24 धारा 331(4), 305 बीएनएस का कायम किया गया।

***वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिए गए निर्देश-***

उपरोक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ मनोहर सिंह मण्डलोई द्वारा उक्त अपराध का खुलासा कर चोरी गये मशरुका सहित आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ सीताराम एवं एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी चंदेरा उप निरीक्षक नीतू खटीक के नेतृत्व में एक पुलिस टीम गठित की गई। बताया गया है कि गठित पुलिस टीम के द्वारा कड़ी मेहनत लगन से मुखबिर की सूचना पर आरोपीगण को भौनाबाग बापूनगर ग्राम चंदेरा को तत्काल गिरफ्तार कर आरोपीगणों जिन्होंने चोरी करना स्वीकार किया जिनके कब्जे से चोरी गया सोने, चाँदी, नगदी सम्पूर्ण मशरूका बरामद कर जब्त किया गया। बताया गया है कि आरोपियों द्वारा सूना मकान पाकर रात्रि में घर में घुसकर सोने, चाँदी, नगदी चोरी कर ली। गिरफ्तार आरोपियों में अशोक पिता नंगू अहिरवार उम्र 35 साल, जशवंत उर्फ जटाउ पिता नगूं अहिरवार उम्र 30 साल निवासीगण भौनाबाग बापू नगर ग्राम चंदेरा के नाम शामिल हैं। बताया गया है कि उक्त घटना का खुलासा कर मशरुका सहित आरोपियों को गिरफ्तार करने में उप निरीक्षक नीतू खटीक थाना प्रभारी चंदेरा, उप निरीक्षक दयाराम चक्रवर्ती, सहायक उप निरीक्षक रामपाल सिंह परिहार चौकी प्रभारी जेवर, प्रधान आरक्षक रामचन्द्र नायक, आरक्षक योगेन्द्र, काशीराम, भारतेन्द्र, वीरन यादव, महिला आरक्षक अंकिता शर्मा, आरक्षक गनेश निरंजन, कपिल परिहार, वेदप्रकाश शर्मा, अरविन्द, राज कुमार, लाखन अर्गल, धीरेन्द्र की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम हेतु चलाया गया जागरूकता कार्यक्रम



परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ के निर्देशन में थाना अजाक पुलिस द्वारा 03 नवम्बर 2024 को अनंतपुरा स्कूल में आयोजित किया जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। बताया गया है कि पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम, एसडीओपी टीकमगढ़ राहुल कटरे के मार्गदर्शन में 14 नवम्बर 2024 को थाना अजाक पुलिस द्वारा शासकीय स्कूल अनंतपुरा में बच्चों एवं शिक्षकों को महिला सुरक्षा के संबंध में कानूनों, अधिकारों से अवगत कराया, साथ ही बच्चियों को गुड टच बैड टच की समझाईस दी गई तथा जेंडर आधारित हिंसा रोकने हेतु जागरूकता दी गई ।

# जरूरतमंदों की मदद करने से मिलती है मन को शांति और जीवन को मुक्ति- अर्पित पिपरसानिया

## 501 गरीबों को कंबल बांटने का लिया संकल्प, जल्दी शुरू होगा अभियान

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। सर्दियों का मौसम आते ही गरीबों का जीवन कष्टमय हो जाता है। उन्हें बिना गर्म कपड़ों के रात गुजारना मुश्किल होता है। गांवों के साथ ही शहरों के फुटपाथों पर ठुठरते लोगों को देखकर एक वेदना सी मन को होती है। सर्दियों में लाचार, अपंग और निराश्रित लोगों को सर्दियों से बचाने के लिए कंबल वितरण का संकल्प लिया गया है। यह अभियान शहर के प्रमुख स्थानों के साथ ही आदिवासियों बस्तियों में भी चलाया जाएगा। यह बात समाजसेवा अर्पित पिपरसानियां ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए व्यक्त किए।







उन्होंने कहा कि वह समाजसेवा लंबे समय से करते आ रहे हैं। उन्होंने शुरू में 2 दो सौ कंबल से यह अभियान शुरू किया था। लेकिन इस बार गरीबों को 501 कंबल बांटने का निर्णय लिया गया है। श्री पिपरसानियां ने कहा कि इसके पहले भी वह गरीबों की मदद करते आए हैं। कोरोना काल से लेकर अब तक सैकड़ों लोगों की मदद कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य यह कभी नहीं रहा कि वह किसी प्रकार का प्रचार प्रसार कर अपना नाम करें, लेकिन वह चाहते हैं कि उनकी सेवा भावना से ही प्रेरणा लेकर कुछ और लोग भी इस तरह के कार्यों को कर गरीबों की मदद करें। श्री पिपरसाइनियां का कहा कि कंबल वितरण के लिए उन्होंने तीन केटेगिरी बनाई हैं। इसमें सबसे ज्यादा प्राथमिकता निराश्रित और असहायों को दी जाएगी। इसके साथ ही निशक्तों की मदद की जाएगी। अर्पित ने कहा कि सडकों पर खुली हवा में ठिठुरते लोगों की मदद में किसी प्रकार की कमी नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों की मदद करने से मन को शांति मिलती है और जीवन को मुक्ति मिलती है। उन्होंने कहा कि ईश्वर ने जब हमें दूसरों की मदद करने के लिए सक्षम बनाया है, तो हमें इस अवसर का लाभ उठाना चाहिए। गरीबों की दुआएं मनुष्य की कई जटिल परेशानियों को दूर करती है। इस अवसर पर श्री पिपरसानियां के अलावा उनके सेवा मंडल के कई सदस्य भी मौजूद रहे।

# मय कल्टीबेटर से वन अधिकारियों ने जप्त किया ट्रेक्टर, चालक फरार

## अवैध रेत उत्खनन पर रोक लगाने चलाया जा रहा अभियान

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। जंगल माफियाओं के मसंबू पर पानी फेरने और उन्हें सबक सिखाने के लिए वनाधिकारी कमर कसकर मैदान में डटे हुए हैं। यहां बता दें कि इन दिनों जतारा क्षेत्र में जिस तरह से ताबड़तोड़ कार्रवाई की जा रही हैं, उससे जंगल माफियाओं की नींद उड़ गई हैं। अतिक्रमण में आई वन भूमि को माफियाओं से मुक्त कराने में जहां कामयाबी हासिल की जा रही है, तो वहीं दूसरी ओर वन भूमि से उत्खनन करने वालों पर शिकंजा कसा जा रहा है। यहां बीते रोज उन्होंने एक ट्रक्टर जप्त कर वैधानिक कार्रवाई की। बताया गया है कि जतारा वन परिक्षेत्र में पंजीबद्ध वन अपराध प्रकरण क्रमांक 248/04 में फ रार ट्रैक्टर को टीकमगढ़ से जप्त किया गया। बताया गया है कि मुखबिर की सूचना के आधार पर धजरई और टोल प्लाजा के बीच अकेले वन रक्षक ने ट्रेक्टर की जप्ती कर वैधानिक कार्रवाई की। विदित हो कि विगत दिवस मंगलवार 03 दिसम्बर 2024 की अल सुबह वन परिक्षेत्र जतारा अन्तर्गत चंद्रपुरा के जंगल से एक ट्रैक्टर और दो ट्रॉलियों को अवैध रेत उत्खनन और परिवहन करने के कारण जप्त किया गया था, जिसके दौरान एक लाल रंग का महिंद्रा ट्रैक्टर वन माफियाओं द्वारा भगा ले गया था, जिसकी खोजबीन करने पर नहीं मिल पाया था। तब वन परिक्षेत्र अधिकारी जतारा शिशुपाल अहिरवार के द्वारा विगत रात से ही मुखबिर से संपर्क करते हुए भागे ट्रैक्टर की रेकी की जा रही थी, तभी आज दिवस बुधवार 04 दिसम्बर 2024 को बाद दोपहर सूचना प्राप्त हुई कि जिस लाल रंग के महिंद्रा ट्रैक्टर को वन माफियाओं ने छुपाकर रखा था। उसको आज आरोपी वाहन चालक सुनील आदिवासी उस ट्रैक्टर में कल्टीवेटर बांधकर टीकमगढ़ ले जाने वाला है, तब टीकमगढ़ और जतारा के स्टाफ की मदद से एक टीम को जतारा से और दूसरी टीम को टीकमगढ़ से रवाना किया गया, तो टीम के एक सदस्य दीपेश प्रजापति वनरक्षक टीकमगढ़ ने जतारा रेंजर शिशुपाल अहिरवार के निर्देश पर शॉर्टकट रास्ते से जाकर वन अपराध प्रकरण क्रमांक 248/04 दिनांक 03 दिसम्बर 2024 में वांछित ट्रेक्टर को अकेले पीछा करते हुए धजरई और मवई टोल प्लाजा के बीच पकडने पर वाहन चालक सुनील आदिवासी निवासी चंद्रपुरा वनरक्षक को धक्का देकर फ रार हो गया। बताया गया कि तब अन्य स्टॉफ के आने पर ट्रेक्टर की जप्ती की कार्यवाही मौके पर करते हुए लाल रंग के महिंद्रा ट्रेक्टर को मय कल्टीवेटर के मामोन डिपो में सुरक्षित खड़ा कराया गया। बताया गया है कि वाहन जप्ती की कार्यवाही वन परिक्षेत्र अधिकारी जतारा शिशुपाल अहिरवार के मार्गदर्शन चौदे प्रसाद सौर वनपाल जतारा और दीपेश प्रजापति वनरक्षक टीकमगढ़ के सराहनीय प्रयासों से की गई, जिसमें वन परिक्षेत्र जतारा और वन परिक्षेत्र टीकमगढ़ का सम्पूर्ण वन अमला मौजूद रहा।



# पहले दिन हीरो की हुई नीलामी

## एक करोड़ अठारह लाख के हीरे हुए नीलाम



**ऋषि मिश्रा**

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/पहले दिन हीरो की नीलामी प्रारंभ हुई, जिसमें हीरा खरीदने वाले व्यापारीयों द्वारा बोली लगाकर एक करोड़ अठारह लाख दो हजार सात सौ अस्सी रूपये के आठ हीरे खरीदे है। जिसमें बड़ा हीरा 19.22 कैरिट का भी विक्रय हुआ है, जिसे प्रोपराईटर जिगनेश भाई गुजरात द्वारा 93 लाख 79 हजार 360 रूपये में खरीदा है। इसके अलावा 7.44 कैरिट का हीरा 17 लाख 48 हजार 400 में सतेन्द्र जड़िया द्वारा खरीदा गया है। इसके अलावा 3.85 कैरिट का हीरा 4 लाख 65 हजार 850 में पंकज साहू पन्ना द्वारा खरीदा गया है। इसी प्रकार अन्य हीरे भी खरीदे गयें है। जिसमें 6.77 वजन का मटमेला हीरा 21 हजार 964 में लोकेन्द्र जड़िया द्वारा खरीदा गया है तथा 8.35 कैरिट का हीरा अच्छी क्वाल्टी न होने के चलते 30 हजार 995 में जीतेन्द्र सोनी द्वारा खरीदा गया है। 6835 का हीरा प्रवीण जैन द्वारा खरीदा गया है। इस प्रकार अलग अलग क्वाल्टी के हीरे व्यापारीयों द्वारा एक करोड़ 18 लाख 2 हजार 780 रूपयें में नीलामी में खरीदे गयें है। 4 दिसम्बर से प्रारंभ हुई नीलामी तीन दिन और चलेगी। जिसमें अन्य हीरे व्यापारीयों द्वारा खरीदे जायेगें। हीरा कार्यालय द्वारा तीन सौ कैरिट हीरे नीलामी के लिए रखे गये है। जिसमें अभी 52.99 कैरिट के हीरे 29 थान नीलाम हुए है, शेष आगामी दिवस में रखे जायेगें। उक्त बोली मे स्थानीय तथा बाहर के महानगरों से आये व्यापारीयों द्वारा भाग लिया जा रहा है।

# जिला पंचात में पदस्थ डाटा एन्ट्री आपरेटर राम नजर पटेल नें किया भारी फर्जीवाड़ा, लाखो का कमीशन डकार गये पटेल

## मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा शिकायत होने के बावजूद नहीं की कोई कार्यवाही, सिर्फ शाखा से किया अलग, डाटा एन्ट्री आपरेटरो को मिले शाखाओं के प्रभार





परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/जिला पंचायत पन्ना जों जिले की प्रमुख संस्था है तथा शासन के आदेश निर्देशो का पालन कराने के लिए जिम्मेवार है, एवं जिला पंचायत के माध्यम से जिले की सभी जनपद पंचायतो एवं ग्राम पंचायतो में जिला पंचायत के निर्देशानुसार ही कार्य संचालित होते है तथा शिक्षा विभाग में भी जिला पंचायत के आदेश लागू होते है, लेकिन जिला पंचायत में ही मनमाने ढंग से नियम कानून को ताक पर रखकर कर्मचारी कार्य कर रहें है, शासन के निर्देशानुसार जिले में संलग्नी करण प्रकिया के संबंध मे आदेश जारी किये गये थे तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा सभी विद्यालयों एवं अन्य संस्थाओं को आदेश जारी करते हुए लेख किया गया था कि कोई भी शिक्षक एवं कर्मचारी संगलग्न नहीं किया जाये लेकिन जिला पंचायत में ही नियम विरूद्ध दर्जनो कर्मचारी संलग्न है तथा बिना योग्यता के विभिन्न शाखाओं का संचालन कर रहे है, अधिकांश शाखाओं का संचालन शाखा प्रमुख एवं वरिष्ट लिपिक के माध्यम से किया जाना चाहिए, लेकिन उक्त शाखाओं का संचालन कम्प्यूटर चलाने वाले डाटा एन्ट्री आपरेटर कर रहें है। अवैध रूप से मनरेगा के प्रभारी परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार कार्य करते रहें है। जबकी जिला पंचायत के नाम पर उनका कोई भी आदेश शासन द्वारा नहीं किया गया है। उनकी वेतन एवं पदस्थापना आज भी जनपद पंचायत पन्ना में है। इसी प्रकार विक्रमपुर माध्यमिक विद्यालय में चपरासी के पद पर पदस्थ संचिन समारी को जिला पंचायत में अटैच कर विधि शाखा का प्रभार दिया गया है। जिला पंचायत में ही आई डब्लू एम पी में पदस्थ रहें डाटा एन्ट्री आपरेटर राम नजर पटेल को पन्द्रहवें वित्त सहित अन्य निर्माण कार्यो की राशि संबंधित कार्य वर्षो से दिये गये थें, जिसमें श्री पटेल द्वारा निर्माण कार्य स्वीकृत करने की एवज में जमकर कमाई की गई, तथा सरपंच, सचिवों एवं जिम्मेवार लोगो से भारी कमीशन वसूला गया है। उक्त शाखा से आदिम जाति कल्याण विभाग के माध्यम से ग्राम पंचायतो को निर्माण कार्यो के लिए राशि जारी की जाती है, जिसमें इनके द्वारा उन्ही ग्राम पंचायतो को निर्माण कार्य की राशि दी गई, जिन्होने बकायदा कमीशन पूर्व से दिया है। इसके अलावा आदिम जाति विभाग के ही ठेकेदारो से भी कमीशन लिया गया है। क्योकि उक्त राशि इन्ही की शाखा से जारी की गई है। उक्त मामले को लेकर श्री पटेल का ठेकेदार से बात करते हुए एक आडियो भी वायरल हुआ था, जिसकी शिकायत जिला कलेक्टर से भी की गई थी, कलेक्टर सुरेश कुमार ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी संघ प्रिय को कार्यवाही करने के निर्देश दिये थें। लेकिन मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा श्री पटेल को सिर्फ शाखा से अलग किया गया, इसके अलावा कोई कार्यवाही नहीं की गई है। जबकी श्री पटेल द्वारा करोड़ो रूपये के निर्माण कार्यो में व्याप्क स्तर पर ग्राम पंचायतो तथा ठेकेदारो से आदिम जाति कल्याण विभाग तथा पन्द्रहवें वित्त की राशि में भारी कमीशन वसूला गया है। स्थानीय लोगो ने संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की है।

## जनपद अध्यक्ष शाहनगर आशीष खरे को मातृ शोक

पन्ना/जिले की शाहनगर जनपद पंचायत के अध्यक्ष आशीष खरे की माता जी श्रीमती सीता खरे का दुखद निधन हो गया है। जिनका अतिंम संस्कार पांच दिसम्बर को शाहनगर स्थित शमसान घाट में किया जायेगा। उक्त दुखद समाचार को लेकर क्षेत्र के लोगो ने शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धाजंलि अर्पित की है तथा म्रत आत्मा को भगवान से शांति प्रदान करने एवं शोकाकुल परिवार को उक्त बज्रपात सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है।



# बस स्टैन्ड के दुकानदारो द्वारा किया जा रहा पेयजल के पानी का भारी दुरपयोग

## सड़क पर बहाया जाता है सैकड़ो गेलन पानी

**दयाशंकर दीक्षित**

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/जहा एक ओर नगर पालिका के द्वारा नगर के लोगो को पानी एक दिन छोडकर एक दिन सप्लाई किया जा रहा है तथा पानी का दुरपयोग रोकने के लिए प्रयास किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर बस स्टैन्ड क्षेत्र मे पानी की आपूर्ती प्रतिदिन तथा सारे समय होने के चलते दुकानदारो द्वारा जमकर पेयजल पानी का दुरपयोग किया जाता है। बस स्टैन्ड में सटक लगाकर पानी बहाया जाता है। तथा सैकड़ो गेलन पानी सड़क पर फैका जा रहा है। उक्त संबंध में यदि कोई मना करता है तो उक्त होटल तथा अन्य दुकानो का संचालन करने वाले दुकानदार लड़ाई झगड़ा करने के लिए तत्पर रहते है। स्थानीय जागरूक लोगो ने नगर पालिका के जिम्मेवार अधिकारीयों से उक्त संबंध मे कार्यवाही करने की मांग की है। इसके अलावा बस स्टैन्ड में होटल, चाय, की दुकाने संचालन करने वालो के द्वारा भारी अवैध अतिक्रमण किया जाता है तथा दुकान के बाहर बेंच लगाकर अतिक्रमण किया जाता है, जिससे आम लोग परेशान होते है तथा आवा गवन प्रभावित होता है। नगर पालिका द्वारा समय समय पर कार्यवाही भी की गई, लेकिन उसका कोई असर उक्त दुकानदारो पर नहीं पड़ा है, नगर पालिका द्वारा अभी एलाउन्स भी कराया गया था जो दुकानदार अपनी दुकान से बाहर अतिक्रमण करते पाया जायेगा तो उसके खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। लेकिन इसका कोई असर नहीं पड़ा है। स्थानीय लोगो ने संबंधितो के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है।



# ऋषिकेश चौरसिया को मिली पीएचडी की उपाधि

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/पन्ना जिले के गुनौर तहसील अन्तर्गत ग्राम गंज सलेहा निवासी ऋषिकेश चौरसिया को पीएचडी की उपाधी से सम्मानित किया गया है। जो क्षेत्र के लिए गौरव की बात है, श्री चौरसिया ग्राम पंचायत गंज से साधारण किसान परिवार में जन्मे है। इनके पिता किसान है इन्होने प्रारभिंक शिक्षा ग्राम के शासकीय विद्यालय से ही प्राप्त की है। इनके द्वारा अंतर्ज्ञानी और पाइथागोरस फ़ज़ी एंट्रॉपीज़। गणित विभाग, विषय से जेपी यूनिवर्सिटी ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी गुना, (म.प्र.) भारत यूनिवर्सिटी से उक्त डिग्री प्राप्त की है। जिसमें इनका सहयोग पर्यवेक्षक के रूप में डॉ. दिव्या जैन द्वारा किया गया है। उक्त सफलता पर इष्ट, मित्रो, शुभ चिंतको, परिवारजनों, रिस्तेदारो नें प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी है।



# एसडीएम तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने किया सलेहा क्षेत्र का भ्रमण

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/आदिवासी बहुत क्षेत्र कल्दा में आगामी नौ दिसम्बर को होने वाले सामुहिक विवाह, निकाह कार्यक्रम को लेकर पवई क्षेत्र की एसडीएम समीक्षा जैन, जनपद पंचायत के सीईओ अखिलेश उपाध्याय तथा नायब तहसीलदार राजेंद्र श्रीवास्तव द्वारा क्षेत्र का भ्रमण किया गया तथा आगामी कार्यक्रम के संबंध में संबंधित अधिकारी कर्मचारीयों को दिशा निर्देश दिये गयें। इस दौरान कल्दा में संचालित स्वास्थ्य केन्द्र तथा अन्य कार्यालयों का निरीक्षण किया गया। उप स्वास्थ्य केन्द्र मे भारी अव्यवस्थाओ को देखते हुए संबंधित कर्मचारीयों को जमकर फटकार लगाई। इस दौरान कल्दा में पदस्थ स्टाफ नर्स हर्षिता भारती द्वारा एसडीएम से अनुरोध किया गया कि कोई एक स्टाफ नर्स 24 घंटा लेबर रूम ओपीडी एवं अन्य सभी जगह का कार्य कैसे कर सकते हैं, उक्त बात से अवगत कराया। इस दौरान अनेक लोग उपस्थित रहें, जिसमें सरपंच कल्दा शिवकुमार सेन, सचिव अनिल सक्सेना आदि।



# शिव नगर पंचकल्याणक महोत्सव में हुआ याग मंडल विधान, मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने मुनि संघ से लिया आशीर्वाद

**राजकुमार दुबे**

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह। शिवनगर में आयोजित पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का बुधवार सुबह अयोध्या नगरी में भक्ति भाव के साथ शुभारंभ हुआ प्रतिष्ठाचार्य द्वारा मुख्य पात्रों की शुद्धि कराई गई। पश्चात श्री जी का अभिषेक पूजन शांति धारा के साथ संपन्न हुई। समुच्य पूजन उपरांत निर्यापक श्रमण श्री अभय सागर जी महाराज के प्रवचन हुए। दोपहर में याग मंडल विधान तथा रात्रि में गर्भ कल्याणक पूर्व की क्रियाये संपन्न हुई। पंचकल्याणक महोत्सव में प्रतिष्ठाचार्य जयकुमार निशांत एवं पं.अभिषेक और आशीष जैन के निर्देशन में प्रात: काल इंद्र इंद्राणियों का सकलीकरण किया गया। अभिषेक उपरांत शांति धारा करने का सौभाग्य मुलायमचंद महेश दिगंबर परिवार, राकेश कुमार एवं तृ डॉ गौरव नायक परिवार को प्राप्त हुआ। मुनि संघ को शास्त्र भेंट करने का सौभाग्य तहसीलदार मोहित जैन के परिवार को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर निर्यापक मुनि श्री अभय सागर जी महाराज के मंगल प्रवचन हुएम दोपहर में मुख्य पात्रों के











साथ इंद्र इंद्राणी गणों ने याग मंडल विधान किया।

रात्रि में महाआरती व इंद्र दरबार का आयोजन- रात्रि में श्री जी की महाआरती लेने का सौभाग्य विजय चौधरी राजेश चौधरी परिवार को प्राप्त हुआ। महा आरती के बाद इंद्र का दरबार सजाया गया जिसमें सोधर्म सभा में कुबेर का आगमन हुआ। नगरी की रचना हुई रतन वृष्टि के साथ माता के 16 स्वप्न के दर्शन हुए इसके बाद गर्भकल्याणक की आंतरिक क्रियाएं संपन्न हुई।

मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने लिया मुनिश्री से आशीर्वाद- बुधवार शाम मध्य प्रदेश शासन के मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी शिवनगर पहुंचे जहां उन्होंने पूज्य निर्यापक श्रमण श्री अभय सागर जी महाराज के साथ मुनि संघ के दर्शन किये और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया इस अवसर पर भाजपा जिला दो उपाध्यक्ष अमित बजाज गोलू भी मौजूद रहे।

जीवन चरित्र हमें श्रेष्ठ बनने की प्रेरणा देता है मुनि श्री- पंचकल्याणक महोत्सव में दोपहर में मुनीश्री प्रयोग सागर जी महाराज ने अपने मंगल प्रवचनों में कहा कि महापुरुषों का जीवन चरित्र हमें श्रेष्ठ बनने की प्रेरणा देता है पंचकल्याणक वह प्रक्रिया है जिसमें भगवान आदिनाथ जी के जीवन में कैसे उतार चढ़ाव आए इसे दर्शाया जाता है जिसके ऊपर कोई विजय नहीं प्राप्त कर सकता वह अयोध्या होती है तीर्थंकर जैसे महापुरुषों का जन्म इस पंचम काल में नहीं होता है हर आत्मा में परमात्मा बनने की क्षमता है इसे पंच कल्याणक में दर्शाया जाता है पंचकल्याणक की क्रिया सामान्य क्रिया नहीं है एक जिनालय का निर्माण लाखों लोगों को सम्यक दर्शन प्राप्त करने का माध्यम बन जाता हैं।

# बांग्लादेशियों को कड़ा संदेश- बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में सनातन चेतना मंच ने भरी हुंकार

## संत समाज की अगुवाई में हिंदू समाज ने की आम सभा, निकाली रैली दिया राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह। बांग्लादेश में मजहबी कट्टर पंथियों द्वारा हिन्दू समुदाय पर हो रहे अत्याचार के विरोध में बुधवार की दोपहर करीब 01 बजे स्थानीय तहसील ग्राउंड मैदान पर सनातन चेतना मंच के बैनर तले संतो की अगुवाई में करीब पांच हजार से भी अधिक हिन्दू समाज एकत्रित हुआ ओर एक विशाल आम सभा भी संबोधित की गई। आमसभा के मुख्य वक्ता आंनद धाम पीठाधीश्वर के पून्यनीय परम पूज्य संत श्री रंजीतानंद जी महाराज ने उपस्थित सनातन चेतना मंच व जन समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि अत्याचार करने वाले अत्याचारी को समाप्त करने का भी पाप नहीं लगता: श्री महंत अत्याचार करने वाले अत्याचारी को अगर समाप्त भी कर दिया जाए तो उसका भी पाप नहीं लगता साथ ही उन्होंने कहा कि गद्दी पर बैठे हुए राजा की यह जिम्मेदारी होती है कि वह अपनी प्रजा की रक्षा करे बांग्लादेश में तो राजा ही भक्षक बना हुआ है। वहीं श्री प्रिया शरण जी महाराज श्री वृंदावन ने कहा कि जो हमारे टुकड़ों पर पला वह अब वह ही हिंदुओं पर अत्याचार कर रहा है। में उपस्थित हजारों हजार हिन्दू समाज में मुझे छत्रपति शिवाजी, श्रीकृष्ण व श्रीराम की छवि दिखाई पड़ती है। सनातन चेतना मंच दमोह के विशाल मंच पर प्रमुख रूप से कथा वाचक सुश्री किशोरी वैष्णवी जी, दमोह के वरिष्ठ वृद्धिजीव अटल राजेन्द्र जैन जी,प्रयागराज उप्र से राजेन्द्र प्रसाद शुक्ल जी, नगर पुरोहित पंडित चंद्रगोपाल पौराणिक जी, आशीष कटारे जी,मोनू पाठक जी, राहुल शास्त्री जी, महेश शर्मा जी, दिलबाग सिंह जी,सनातन चेतना मंच जिला दमोह की विशाल धरना एवं रैली में सकल हिन्दू समाज जिला दमोह की प्रमुख समाजों में प्रमुख रूप से ब्राम्हण समाज, यादव समाज, लोधी समाज, राजपूत समाज,गायत्री परिवार, कुर्मी क्षत्रिय समाज, सिख समाज,सिंधी





समाज,जैन समाज, महाराष्ट्रीयन समाज,अहिरवार समाज संघ,सरदार सेना,वंशवती समाज,नेमा समाज, विश्वकर्मा समाज,रजक समाज,सेन समाज, चक्रवर्ती समाज, रैकवार समाज, प्रजापति समाज,अठया समाज,कोरी समाज,राय समाज, नामदेव समाज, सोनी समाज, असाटी समाज,सेनी समाज,बंसल समाज, अग्रवाल समाज, कुशवाहा समाज, केसरवानी गुप्ता समाज, श्रीवास्तव समाज, बाल्मीकि समाज, राठौर समाज,खटीक समाज, ताम्रकार समाज, साहू समाज, वैश्य समाज,घोषी समाज के समस्त अध्यक्ष और प्रमुख जनों के अलावा साथ ही शहर के अधिकांश समाज सेवी संगठन,सामाजिक संगठन, व्यापारिक संगठन,धार्मिक, संगठन, हिंदू,संगठन, सभी राजनैतिक दल,छात्र संगठन,नगर के युवा सहित पांच हजार से भी अधिक हिन्दू समाज ने रैली निकाल कर अपनी हुंकार भरी रैली तहसील ग्राउंड मैदान से प्रारंभ होकर पुराना पुलिस कंट्रोल रूम,जेल पैट्रोल पंप, बिहारी लाल गौतम तिराहा, महाराणा प्रताप चौक से होती हुई कलेक्टर कार्यालय पहुंची जहां सनातन चेतना मंच के संयोजक दिनेश चौबे जी ने राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन का वाचन किया और संत समाज के साथ दमोह कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर जी को ज्ञापन सौंपा गया। विशाल धरना का संचालन सनातन चेतना मंच के जिला सह संयोजक मोंटी रैकवार,पवन रजक, विशाल रैली का संचालन सनातन चेतना मंच के जिला सह संयोजक प्रमोद विश्वकर्मा और आभार सनातन चेतना मंच की जिला सह संयोजक गिरिजा त्रिपाठी के द्वारा व्यक्त किया गया।

***सनातन चेतना मंच को दिलाया संकल्प***

विशाल आम सभा में साधु-संतों ने उपस्थित जन समुदाय को संकल्प दोहरवाया उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करता हूं और उनके समर्थन में सदैव खड़ा रहने का संकल्प करता हूं। मैं संकल्प करता हूं कि बांग्लादेश के पीड़ित हिन्दू समुदाय के सम्मान, सुरक्षा और धार्मिक स्वतंत्रता के लिए हर संभव प्रयास करूंगा। अन्याय के खिलाफ अपनी आवाज उठाने और समाज में जागरूकता फैलाने हेतु सक्रिय भागीदारी निभाऊंगा में भाषा, क्षेत्र और जाति के नाम पर नहीं बँटने का संकल्प करते हुए। सनातन समाज के कल्याण व एकता के लिए कार्य करने की भी प्रतिज्ञा करता हूं। भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मू के नाम संबोधित ज्ञापन दमोह कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर को दिया गया जिसमें कहा गया कि हम भारत के नागरिक, आपका ध्यान बांग्लादेश में हिन्दू समुदाय पर हो रहे लगातार अत्याचारों और उनके मानवाधिकारों के हनन की ओर आकर्षित करना चाहते हैं। हाल के वर्षों में बांग्लादेश में धार्मिक अल्पसंख्यक, विशेषकर हिन्दू समुदाय, अत्यंत कठिन परिस्थितियों का सामना कर रहे हैं। धार्मिक असहिष्णुता, मंदिरों और पूजा स्थलों पर हमले, महिलाओं पर यौन हिंसा, संपत्ति की जबरन हड़प, और जबरन धर्म परिवर्तन की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। बांग्लादेश, जो भारत का निकटतम पड़ोसी देश है, धार्मिक सहिष्णुता और मानवाधिकारों के लिए जाना जाता था। लेकि। दुर्भाग्यवश, पिछले कुछ वर्षों में वहां हिन्दू अल्पसंख्यकों पर हमले और उत्पीड़न की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। बांग्लादेश में विभिन्न मौकों पर दुर्गा पूजा पंडालों पर हमले, देवी-देवताओं की मूर्तियों को खंडित करना, मंदिरों को जलाना, और हिन्दू परिवारों को उनके घरों से बेदखल करना आम होता जा रहा है। इन घटनाओं ने न केवल बांग्लादेश के हिन्दू समाज को भयभीत किया है, बल्कि यह भी स्पष्ट कर दिया है कि वहाँ धार्मिक अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए कोई ठोस उपाय नहीं किए जा रहे हैं। भारत, जो विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक और धर्मनिरपेक्ष राष्ट है, ऐसे समय में चुप नहीं रह सकता जब हमारे पड़ोसी देश में धार्मिक उत्पीड़न हो रहा हो। राष्ट्रपति से की अपील बांग्लादेश के हिन्दुओं की यह पीड़ा और संकट न केवल मानवाधिकारों का उल्लंघन है, बल्कि यह सभ्यता और सहिष्णुता के लिए भी चुनौती है। सनातन चेतना मंच भारत वासी ये आशा करते हैं कि आप अपनी संवेदनशीलता और नेतृत्व के माध्यम से इस गंभीर मुद्दे पर हस्तक्षेप करेंगी और भारत सरकार को उचित कदम उठाने के लिए निर्देशित करेंगी। आपके समय और विचार के लिए हम हृदय से आभार व्यक्त करते हैं। हमें विश्वास है कि आपकी पहल बांग्लादेश के हिन्दू समुदाय को सुरक्षा और सम्मानपूर्ण जीवन प्रदान करने में सहायक होगी।

# बांग्लादेश में पिट रहा हिन्दू, मथुरा में सत्ताधारी पार्टी के लोग और संघटनों का विरोध



**आलोक तिवारी**

परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ मथुरा में हिंदू स्वाभिमान मंच के बैनर तले गांधी प्रतिमा के निकट बड़ा आंदोलन किया गया बंगलादेश मै हो रही हिंसा के खिलाफ सभी देश एकजुट होकर मांग की कि बंगलादेश के खिलाफ कड़ी कार्यवाही कर हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार का विरोध करें।

मथुरा के विकास बाजार में हो रहे धरना प्रदर्शन मै उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने भी शिरकत की उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि बांग्लादेश में इस समय कोई सरकार है ही नहीं जो हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को रोक सके, सनातन धर्म को बचाने के लिए हमारे पूर्वजों ने सदैव संघर्ष किया है। तत्काल बंगलादेश की सरकार को बर्खास्त कर हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को रोके, बंगलादेश में हिन्दू मंदिरों को टारगेट बनाया जा रहा है हिंदू बहन बेटियों पर अत्याचार हो रहे हैं उसे किसी प्रकार रोकने पर जोर दिया जाना चाहिए।

चौधरी लक्ष्मी नारायण ने कहा कि सनातन धर्म में शास्त्र को पढ़ा है साथ ही शस्त्र को भी धारण किया है, शास्त्र से काम नहीं चल रहा है तो शस्त्र उठाना ही पड़ता है, आज पूरे विश्व का हिन्दू कह रहा है कि शास्त्र से काम नहीं चल रहा तो हिंदुओं को अपनी रक्षा के लिए शस्त्र उठाना पड़ेगा। धरना मै शामिल संत गोविंदनंद तीर्थ ने कहा कि अगर बंट के रहेंगे तो बांग्लादेश जैसे हालात भारत मै भी होने मै देर नहीं लगेगी इस समय भारत को दो भागों में बांटने के लिए जिहाद चल रहा है, इस लिए हर हिंदू को एक रहने की आवश्यकता है।

***धारा 163 तो कैसे जमा हुई इतनी भीड़, प्रशासन ने दी परमिशन***

मथुरा। जनपद में प्रशासन ने 6 दिसंबर के मद्देनजर शहर मै धारा 163 लागू की गई, पर आज हिन्दू स्वाभिमान मंच के बैनर तले सत्ता धारी दल के लोगों ने बांग्लादेश मै हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध मै धरना प्रदर्शन आयोजित किया जिसमें सत्ताधारी दल के तमाम नेता मौजूद रहे और मथुरा में लागू धारा 163 का जमकर मजाक उड़ाया गया।

नगर मजिस्ट्रेट द्वारा लागू की गई धारा 163 के उलंघन पर मथुरा प्रशासन किस प्रकार की कार्यवाही सत्ता धारी दल के नेताओं पर करता है या सत्ता के आगे नतमस्तक होकर भारतीय संविधान के अनुरूप लगाई गई धारा 163 का मजाक सहन करता है। इलाका पुलिस से कार्यक्रम की परमिशन के बारे में जानकारी की गई तो किसी ने भी संतोषजनक जवाब नहीं दिया ऐसा प्रतीत होता है उक्त कार्यक्रम जिला प्रशासन की अनुमति के बगैर ही आयोजित किया गया है!


# राज कपूर की अमर जादूगरी- सौ साल बाद भी शो जारी

## राज कपूर की विरासत का मनाइए जश्न, सिनेमाघरों में देखिए उनकी कुछ टाइमलेस क्लासिक्स

**जय सिंह रघुवंशी**

परिहार गर्जना न्यूज। मुंबई लेजेंड्री राज कपूर की 100वीं जयंती पर आरके फिल्म्स, फिल्म हेरिटेज फाउंडेशन, एनएफडीसी, एनएफएआई एंड सिनेमाज साथ मिलकर एक उत्सव का आयोजन कर रहे हैं। इसका शीर्षक %राज कपूर 100 - सेलिब्रेटिंग द सेंटेनरी ऑफ द ग्रेटेस्ट शोमैन% है। यह तीन दिवसीय उत्सव 13 दिसंबर को शुरू होगा और 15 दिसंबर तक जारी रहेगा। इसके अंतर्गत 40 शहरों और 135 सिनेमाघरों में राज कपूर की 10 फिल्में प्रदर्शित की जाएंगी। स्क्रीनिंग पीवीआर-इनॉक्स और सिनेपोलिस सिनेमाघरों में होगी, ताकि दर्शकों को यह सुनिश्चित हो सके कि देश भर में अत्याधुनिक स्थानों पर इस ट्रिब्यूट का अनुभव कर सकते हैं। खास बात यह है कि हर सिनेमा घर में टिकट की कीमत मात्र ?100 रखी गई है, ताकि हर कोई इस जादुई सफर का हिस्सा बन सके।

राज कपूर (1924-1988) भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े फिल्म निर्माताओं में से एक माने जाते हैं, जिन्होंने विश्व सिनेमा पर अपनी अमिट छाप छोड़ी है। द ग्रेटेस्ट शोमैन के नाम से मशहूर राज कपूर ने फिल्म निर्माण, अभिनय और निर्देशन में ऐसा अद्भुत काम किया, जो आज भी प्रेरणा देता है। अपने पिता पृथ्वीराज कपूर के कदमों पर चलते हुए राज कपूर ने अपनी अलग पहचान बनाई। उन्होंने इंकलाब (1935) में एक बाल कलाकार के रूप में काम किया। इसके बाद 1948 में उन्होंने आर.के. फिल्म्स स्टूडियो की स्थापना की और कई ऐतिहासिक फिल्में बनाई। उनकी फिल्मों में आज़ादी के बाद के भारत के आम आदमी के सपने, गांव और शहर के बीच का संघर्ष और भावनात्मक कहानियां जीवंत हो उठती थीं। आवारा (1951), श्री 420 (1955), संगम (1964) और मेरा नाम जोकर (1970)




जैसी फिल्में आज भी सिनेमा प्रेमियों के दिलों में बसी हुई हैं। उनका प्रसिद्ध किरदार, चार्ली चैपलिन से प्रेरित एक %आवारा%, दुनिया भर में लोकप्रिय हुआ, खासकर सोवियत संघ में।

राज कपूर को पद्म भूषण (1971), दादासाहेब फाल्के पुरस्कार (1988) और कई फिल्मफेयर पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। आवारा और बूट पॉलिश जैसी उनकी फिल्में कांस फिल्म फेस्टिवल में भी शामिल हुईं, और जागते रहो ने कार्लोवी वैरी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में क्रिस्टल ग्लोब जीता। अभिनेता और फिल्म निर्माता रणधीर कपूर का मानना है कि, राज कपूर सिर्फ एक फिल्म निर्माता नहीं थे, वे एक दूरदर्शी थे, जिन्होंने भारतीय सिनेमा की भावनात्मक परंपरा को आकार दिया। उनकी कहानियां केवल फिल्में नहीं, बल्कि भावनात्मक यात्राएं हैं जो पीढ़ियों को जोड़ती हैं। यह उत्सव उनकी दृष्टि को हमारा छोटा सा ट्रिब्यूट है। रणबीर कपूर, अभिनेता, हमें बहुत गर्व है कि हम राज कपूर परिवार के सदस्य हैं। हमारी पीढ़ी एक ऐसे दिग्गज के कंधों पर खड़ी है, जिनकी फिल्मों ने अपने समय की भावनाओ को दर्शाया और दशकों तक आम आदमी को आवाज दी। उनकी टाइमलेस कहानियाँ प्रेरणा देती रहती हैं, और यह फेस्टिवल उस जादू का सम्मान करने और सभी को बड़े पर्दे पर उनकी विरासत का अनुभव करने के लिए आमंत्रित करने का हमारा एक तरीका है। सी यू एट थे मूवीज इस उत्सव में राज कपूर की सबसे प्रसिद्ध फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा, जिनमें शामिल हैं-

* आग (1948)
* बरसात (1949)
* आवारा (1951)
* श्री 420 (1955)
* जागते रहो (1956)
* जिस देश में गंगा बहती है (1960)
* संगम (1964)
* मेरा नाम जोकर (1970)
* बॉबी (1973)
* राम तेरी गंगा मैली (1985)

तो आइए, 13 से 15 दिसंबर, 2024 तक राज कपूर के जादुई सफर को फिर से जीएं और भारत के इस महान शोमैन की अद्भुत विरासत का जश्न मनाएं।

# श्री कृष्ण की जाति पर उठ रहे सवाल नंदगांव की दीवारों पर कौन लिख रहा श्री कृष्ण थे जाट

परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा तीर्थ नगरी मथुरा की शांत फिजा को लगातार किसी न किसी बहाने से खराब करने के पीछे अराजक तत्व सक्रिय हो उठे हैं अब एक नया विवाद छेड़ दिया गया है,मथुरा जिले में एक शख्स नंदगांव के बाजार और आम घरों की दीवारों पर 'नंदगांव का इतिहास' शीर्षक से जगह-जगह भगवान श्रीकृष्ण की जाति 'जाट' लिखवा रहा है, उसके ऐसा करने पर विरोध शुरू हो गया, मामले की गंभीरता को देखते हुए उप जिलाधिकारी के निर्देश पर नगर पंचायत की ओर से प्राथमिकी दर्ज कराई गई है, पौराणिक मान्यताओं के मुताबिक भगवन श्रीकृष्ण को यदुवंशी माना जाता है, लेकिन पिछले दिनों किसी ने दीवारों पर कुछ और ही लिखवा दिया।




नंदगांव का इतिहास' शीर्षक से कई चीजें लिखवाई गई और उसमें भगवान श्रीकृष्ण को 'जाट जाति से संबंधित बताया गया, पुलिस के मुताबिक जगह-जगह नंदगांव का इतिहास शीर्षक से लिखवाए गए वक्तव्य के अंत में कुंवर सिंह नाम और एक फोन नंबर दर्ज था, लोगों ने जब उस नंबर पर फोन कर संपर्क करना चाहा, तो या तो वह नंबर बंद मिला, या फिर घंटी गई तो किसी ने फोन ही नहीं उठाया।

उप जिलाधिकारी श्वेता सिंह के निर्देश पर नगर पंचायत के लिपिक रामजीत ने कथित कुंवर सिंह के खिलाफ भगवान श्रीकृष्ण के बारे गलत जानकारी देने तथा लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने के संबंध में मंगलवार को प्राथमिकी दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई है।

बरसाना थाना के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) अरविंद कुमार निर्वाल ने बताया कि नगर पंचायत के लिपिक की तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है, उन्होंने कहा कि अभी उक्त व्यक्ति की पहचान एवं उसके ठिकाने आदि की कोई जानकारी नहीं मिली है, उसके द्वारा प्रसारित फोन नंबर भी बंद आ रहा है, निर्वाल ने बताया कि अब दूरसंचार कंपनी से उक्त फोन नंबर के लिए जमा कराए गए दस्तावेजों के आधार पर आरोपी की पहचान करने की कोशिश की जाएगी,एसएचओ ने बताया कि वैसे नगर पंचायत द्वारा सभी स्थानों से उक्त टिप्पणी मिटवा दी गई है।

# रेल्वे कर्मचारी संगठनों के मान्यता के चुनाव की बुधवार से मतदान की हुई शुरुआत

## तीन दिनों तक चलेगा यह मतदान, 1606 रेलकर्मी डालेंगे वोट

परिहार गर्जना न्यूज। बीना/बुधवार से रेल कर्मचारी संगठनों के मान्यता के चुनाव के लिए मतदान की शुरुआत हो गई है। यह मतदान तीन दिनों तक चलने वाले मतदान में भोपाल मंडल के 16 हजार रेल कर्मचारी अपने मताधिकार का करेंगे प्रयोग। जिसमें बीना, मंडीबामोरा के 1606 रेलकर्मी बीना और मंडीबामोरा के मतदान केन्द्र पर मतदान करेंगे। उल्लेखनीय है कि बीना के पश्चिम मध्य रेल संस्थान में बनाए गए मतदान केंद्र में सुबह जहां इक्का-दुक्का लोग ही मतदान केंद्र में पहुंच रहे थे। लेकिन दोपहर में मतदान केंद्र पर लाइन देखने को मिली।



***यह मतदान तीन दिनों तक चलेगा***

रेल कर्मचारी संगठनों की मान्यता के चुनाव के लिए दो मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। इन सभी केन्द्रों पर 4, 5 और 6 दिसंबर को सुबह 8 से शाम 5 बजे तक मतदान होगा। रेलवे के रनिंग कर्मचारी लोको पायलट, ट्रेन मैनेजर, टीटीई के मतदान के लिए 6 दिसंबर को तारीख आरक्षित रहेगी। इसके अलावा वह 4 और 5 दिसंबर को भी अपनी उपलब्धता के अनुसार मतदान कर सकेंगे। जबकि, बाकी अन्य कर्मचारी 4 और 5 दिसंबर को हो मतदान कर सकेंगे।

***ये कर्मचारी हैं चुनावी मैदान में***

मान्यता चुनाव के लिए पांच कर्मचारी संगठन मैदान में हैं। जिनमें पीएमआरकेपी, एसआरबीकेयू, डब्ल्यूसीआरइयू, डब्ल्यूसीआरएमएस, डब्ल्यूआरडब्ल्यू चुनाव मैदान में हैं, जो कि चुनाव में अपनी यूनियन के लिए पूरा दमखम लगा रहे हैं।

# अंतर्राष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल का आज से आगाज

## राज्यपाल होगें मुख्य अतिथि




खजुराहो। विश्व पर्यटन नगरी खजुराहो में गत 9 वर्षों से आयोजित होते आ रहे खजुराहो अंतरराष्ट्रीय फ़िल्म फेस्टिवल के 10 संस्करण का आगाज, आज 5 दिसंबर को होगा। कार्यक्रम का उद्घाटन मध्यप्रदेश के राज्यपाल करेंगे, जबकि समापन समारोह के मुख्य मेहमान संभवतः प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव होंगे। 11 दिसंबर तक चलने वाला दसवां खजुराहो फिल्म फेस्टीवल दिवंगत फिल्म अभिनेता राजेश खन्ना को समपर्पित है, जिसमें प्रसिद्ध फ़िल्म अभिनेता-अक्षय कुमार तथा मशहूर अभिनेत्री डिंपल कपाड़िया आकर्षण का केंद्र रहेंगी।

खजुराहो अंतरराष्ट्रीय फ़िल्म महोत्सव के संयोजक तथा प्रयास प्रोडक्शन के निदेशक राजा बुंदेला ने बताया कि 10वां आयोजन दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र के शिल्पग्राम परिसर में होने जा रहा है। उन्होंने बताया कि अभिनेता अक्षय कुमार तथा अभिनेत्री डिंपल कपाड़िया के अलावा कई अन्य जाने-माने फिल्म अभिनेता और अभिनेत्रियां इस आयोजन में शामिल होंगी। हर बार की तरह इस बार भी महोत्सव में देश-विदेश की फिल्मों का भी प्रदर्शन होगा, जिसके लिए पहले की तरह टपरा टाकीजें तैयार हो गई हैं। जो महोत्सव में देश-विदेश के कलाकारों और निमार्ताओं-निर्देशकों के साथ-साथ फिल्म प्रशंसकों, पर्यटकों तथा स्थानीय दर्शकों के लिए आकर्षण का केन्द्र रहेंगी। आयोजक राजा बुन्देला ने बताया कि खजुराहो को सीधे मुम्बई से जोड़ने वाली कोई फ्लाइट न होने के कारण फिल्म जगत के सितारों, निर्माता और निर्देशकों को यहां लाना चुनौती रहता है, लेकिन वे इस आयोजन को प्रतिवर्ष कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं, उन्होंने कहा कि इस आयोजन से बुंदेली जनता को भी मजा आने लगा है।

***फेस्टिवल से बदली कई बुंदेली प्रतिभाओं की किस्मत***

श्री बुन्देला के अनुसार छत्रसाल, आल्हा-ऊदल और रानी लक्ष्मीबाई जैसे वीर-वीरांगनाओं की इस धरती को राग रंग का साधन समझे जाने वाले फिल्म उद्योग से परिचित कराना है। राजा बुन्देला बहुत हद तक अपने उद्देश्य में सफल रहे हैं। गौरतलब है कि खजुराहो में शेखर कपूर, बोनी कपूर, चंद्रप्रकाश सिंह, मणिरत्नम जैसे फिल्मकार या तो रूचि ले रहे हैं या अपनी फिल्में यहां फिल्माकित कर चुके हैं। ओरछा, चित्रकूट और खजुराहो आज मुंबई वा फिल्म जगत के लिए प्रिय डेस्टिनेशन बन चुके हैं। हिंदी फिल्मोद्योग का यही प्यार आज बुंदेलखंड के युवाओं के लिए न सिर्फ आजीविका का बड़ा आधार बन चुका है बल्कि बुंदेली रंगमंच, कला,साहित्य और सिनेमा से जुड़े प्रतिभावान युवाओं के लिए मंच बन चुका है।

***दोपहर में खजुराहो पहुंचेंगे***

प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल आज गुरुवार 5 दिसम्बर 2024 को दोपहर 2 बजकर 40 मिनिट पर हेलीकॉप्टर से खजुराहो एयरपोर्ट पहुंचेंगे और यहां से सर्किट हाउस खजुराहो के लिए रवाना होंगे। शाम 06ः30 बजे पहल वाटिका में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय खजुराहो फिल्म फेस्टिवल में भाग लेने के उपरांत शुक्रवार की सुबह 9 बजे राज्यपाल खजुराहो एयरपोर्ट से हेलीकॉप्टर से भोपाल के लिए रवाना होंगे।

# करंट की चपेट में आने से मौके पर ही दो भैंसो की हुई मौत

**प्रकाश मिश्रा /चंद्रभान प्रजापति**

परिहार गर्जना न्यूज। गौरिहार। बारीगढ़ के वार्ड नं 13 चेला पुरवा निवासी किसान गोपाल पिता मुलायम पाल एवं पप्पू तनय मुलायम पाल दोनों की एक एक भैंस बिजली के खंभे से करंट वाला तार टूटकर गिरने से मौत का शिकार हो गई। जिसकी सूचना पुलिस विभाग के साथ साथ पशुपालन विभाग को दी गई। मौके पर पशु विभाग के डॉक्टर साहब गए जिन्होंने ग्रामवासियों की मौजूदगी में भैंसो का पोस्टमार्डम किया गया। भैंस की उम्र 6 वर्ष और दोनों की लगभग 80-80 हजार कीमत आंकी गई। किसानों ने बिजली विभाग के लापरवाही पूर्ण रवैया पर आरोप लगाते हुए बताया कि घटना से पूर्व कई बार अधिकारियों से विनय पूर्ण लिखित और मौखिक निवेदन किया गया और कहा गया कि उनके खेतों से जो बिजली के तार अनावश्यक निकले हुए हैं जिनमें न तो किसी का कनेक्शन है और न ही उनकी आवश्यकता फिर भी किसी ने एक नही सुनी। अगर समय रहते इन तारों को हटा लिया जाता या उनकी मरम्मत का कार्य समय रहते कर दिया जाता तो शायद बेजुबान जानवर जो तड़प तड़प कर काल का ग्रास बन गए ऐसी अनहोनी टल सकती थी। आगे किसानो ने बताया कि इन्ही भैंसो का दूध बेचकर वह अपने परिवार का भरण पोषण करता था।अब देखना यह है कि शासन प्रशासन इन लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कोई कार्यवाही करती है या फिर लचर व्यवस्था की भेंट चढ़ जायेगी।



# मोटसाईकिल सवार की मुड़ेरी के पास जोरदार भिड़ंत होने से एक की मौत एक गंभीर रुप से घायल

गौरिहार। लवकुशनगर से 7 किलोमीटर दूर मुड़ेरी के पास मोटरसाईकिल सवारो की आमने सामने जोरदार भिड़ंत होने से एक की मौत हो गई वही दूसरा गंभीर रुप से घायल बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार गौरिहार निवासी 48 वर्षीय राम प्रकाश मिश्रा उर्फ लक्का महाराज लवकुशनगर से गौरिहार की ओर आ रहे थे और अंकित साहू महोबा निवासी चंदला से लवकुशनगर को ओर जा रहा था। इसी बीच करीब सवा 9 बजे मुड़ेरी गाँव के पास दोनों बाईक स्वारों की आमने -सामने जोरदार भिड़ंत हो गई।घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची एम्बूलेंस के द्वारा स्टाफ ने अन्य लोगों की सहायता से लवकुशनगर अस्पताल लेकर पहुंचे। लवकुशनगर सीएचसी के बीएमओ डॉ0 एसपी शाक्यवार ने बताया कि दोनो बेहोशी की हालत में थे जिनको प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया था । गौरिहार निवासी रामप्रकाश मिश्रा को छतरपुर ले जाते समय उन्होंने बगमऊ तिराहा के पास रास्ते में दम तोड़ दिया । बताया गया मृतक रामप्रकाश मिश्रा घर का अकेला कमाने वाला अहम सदस्य था। मृतक रामप्रकाश अपनी बृद्ध कल्याणी माँ, पत्नी, एक पुत्र,एक पुत्री व दिव्यांग भाई सहित अन्य परिजनों को रोता बिलखता छोड़ कर चले गये।उनकी मौत की खबर की जानकारी मिलते ही पूरे गॉंव में शोक की लहर छा गई।पं0रामप्रकाश मिश्रा की मौत पर नवनीत मिश्रा, करन यादव, रजनीश घोष,रामकेश पटेल, केशरी नंदन मिश्रा,पत्रकार प्रकाश मिश्रा,जीतेन्द्र बाजपेयी, मुकेश रजक, प्रमोद रजक सहित अन्य लोगों ने गहरा दु:ख व्यक्त करते हुए ईश्वर से पुण्य आत्मा की शांति की प्रार्थना की है।



# गोहद थाना प्रभारी ने थाने के सामने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

## 9 मोटरसाइकिल वाहनों पर की चालानी कार्यवाही

**उदय सिंह**

परिहार गर्जना न्यूज। गोहद पुलिस अधीक्षक भिण्ड असित यादव एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक के निर्देशन मे अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) गोहद सौरभ कुमार के मार्ग दर्शन मे बुधवार को गोहद थाने के सामने थाना प्रभारी मनीष धाकड़ ने मय बल के साथ थाने के सामने चेकिंग लगाकर वाहनो को चेक किया गया इस चैकिंग अभियान के दौरान उन्होंने ट्रक डंपर ट्रैक्टर एवं मोटरसाइकिलो आदि वाहनों के कागजात चेक किए चैकिंग में मोटरसाइकिलों चालकों के पास हेलमेट और कागज न होने से उनके खिलाफ चालानी कार्यवाही की गई। साथ ही दोपहिया वाहन मोटरसाइकिल चालक को हेलमेट व गाड़ी के कागजात साथ में लेकर चलने की तथा चार पहिया वाहनों को सीटबेल्ट लगाने एवं कागज संग रखने की हिदायत देते हुए छोड़ा। इस दौरान उन्होंने 9 मोटरसाइकिल वाहनों के चालान काटे। वहीं थाना प्रभारी मनीष धाकड ने कड़े शब्दों में उक्त सभी लोगों को समझाते हुए चेतावनी दी कि आगे से सभी लोग बगैर हेलमेट और कागज के बिना मोटरसाईकल और ड्राइवर लाइसेंस के बगैर ना चलाएं और हमेशा आप सभी लोग गाड़ी के साथ कागज रखे सीट बेल्ट जरूर लगाए जिससे स्वयं की जान की सुरक्षा हो सके।



उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी मनीष धाकड़, उपनिरीक्षक मोहर सिंह,सहायक उपनिरीक्षक मदन सिंह तोमर, प्रधान आरक्षक राजवीर सिंह यादव, प्रधान आरक्षक संजय पांडे, आरक्षक भूपेन्द्र सिंह, सुनील, धमेंद्र, जीतू की सराहनीय भूमिका रही।

# नवविवाहित की मौत के बाद परिजनों ने ससुराल पक्ष पर लगाएं दहेज प्रताड़ना के आरोप

## ईशानगर थाना क्षेत्र के ग्राम ब्याटा का मामला

## परिजनों ने एसपी को सौंपा ज्ञापन

छतरपुर। ईशानगर थाना अंतर्गत ग्राम ब्याटा में पिछले 28. नवंबर को नवविवाहिता की जहर खाने से मौत के मामले में पीड़ित परिवार ने आज एसपी आफिस पहुंचकर न्याय की गुहार लगाते हुए ज्ञापन सौंपा है मृतिका के पिता शिव प्रसाद यादव ने मीडिया को आपबीती सुनाते हुए बताया कि में टीकमगढ़ जिले के ग्राम पहाड़ी तिलवारन निवासी हूं और मेरी पुत्री की शादी फरवरी 2024 में छतरपुर के ईशानगर थाना अंतर्गत ग्राम ब्याटा में आशीष यादव के साथ हिंदू रीति-रिवाज के साथ सम्पन्न हुआ थी मैंने अपनी सामर्थ्य अनुसार वर पक्ष को दहेज और गृहस्थी का सामान दिया था लेकिन ससुराल पक्ष के लोग मेरी पुत्री को लगातार दहेज को लेकर प्रताड़ित कर रहे थे मेरी पुत्री ने कई बार इसकी जानकारी मुझे दी और मेंने जाकर ससुराल पक्ष वालों को समझाने का प्रयास किया लेकिन दहेज लोभियों ने मेरी पुत्री को जहर देकर मार दिया ईशानगर थाना में मामले की शिकायत करने के बाबजूद जब आज दिनांक तक कोई कार्यवाही नहीं हुई तो मेरे द्वारा आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय आकर न्याय की गुहार लगाई है कुल मिलाकर नवविवाहिता की मौत के मामले में अब देखना होगा कि छतरपुर के संवेदनशील पुलिस अधीक्षक क्या एक्शन लेते हैं यह बड़ा सवाल है।।



# कलेक्टर के निर्देशन में हुई जांच में वायरल ऑडियो प्रथम दृष्टया पाया गया सही

## एसडीएम ने पटवारी को किया निलंबित

छतरपुर। छतरपुर जिले के तहसील चंदला अंतर्गत हल्का छठीबम्हौरी भरत कुशवाहा का कुछ दिनों पहले एक ऑडियो वायरल हुआ था। जिसमें पटवारी द्वारा आवेदक से दुर्व्यवहार पूर्ण बात करना प्रतीत हो रहा था। वायरल ऑडियो की कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में हुई जांच में तहसीलदार चंदला के प्रतिवेदन के आधार पर प्रथम दृष्टया शिकायत सही पाए जाने पर एसडीएम लवकुशनगर द्वारा भरत कुशवाहा हल्का पटवारी छठीबम्हौरी का कार्य में अनुशासनहीनता एवं कदाचरण की श्रेणी में आने के कारण मध्य प्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 3 के उपनियम (एक), (दो). (तीन), तथा कदाचरण होने से मध्य प्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 के अन्तर्गत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलम्बनकाल में इनका मुख्यालय तहसील चंदला रहेगा एवं निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक **रामबाबू सिंह परिहार** द्वारा फज्जू प्रिंटर्स शॉप नं.1 नगर पालिका कॉम्पलेक्स, सर्किट हाउस तिराहा, जवाहर रोड छतरपुर म.प्र.से मुद्रित कराकर कार्या.परिहार गर्जना सर्किट हाउस गेट जवाहर रोड छतरपुर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक-**रामबाबू सिंह परिहार**/ मो.नं.9406730853, 9755204916, 07682-358321